# नन्ही परी सीमान्त अभियांत्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़

## प्रशासकीय परिषद् की सप्तम् बैठक (परिसंचरण द्वारा) का कार्यवृत्त

कोराना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के दृष्टिगत संस्थान के प्रशासकीय परिषद् की सप्तम् बैठक की कार्यसूची दिनांक 12/06/2020 को परिसंचरण द्वारा (By Circulation) प्रशासकीय परिषद् के निम्न मा0 अध्यक्ष, मा0 उपाध्यक्ष एवं समस्त मा0 सदस्यों को प्रेषित कर संस्थान एवं TEQIP-III परियोजना से सम्बन्धित कार्यसूची में उल्लेखित/प्रस्तावित विभिन्न बिन्दुओं पर अपना अभिमत दिनांक 20/06/2020 तक अथवा उससे पूर्व ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अनिल गोयल, | – | अध्यक्ष |
| 2. | श्री ओम प्रकाश, आई0 ए0 एस0, | – | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 नरेन्द्र एस0 चौधरी, कुलपति उ0त0वि0वि0, देहरादून | – | सदस्य |
| 4. | डॉ0 डी0 एस0 पुण्डीर, निदेशक, एम0बी0एस0 सी0ई0टी0 जम्मू | – | सदस्य |
| 5. | डॉ0 हरीश पन्त , पूर्व निदेशक, एच0आई0पी0एल0 | – | सदस्य |
| 6. | श्री मुहर मणि, अधिशासी निदेशक, टी0एच0डी0सी0 इं0लि0, ऋषिकेश | – | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मनोज दुहान, छो0रा0वि0प्रो0 वि0वि0 मुरूथल, हरियाणा | – | सदस्य |
| 8. | श्री हरि सिंह, निदेशक, तकनीकी शिक्षा, देहरादून | – | सदस्य |
| 9. | प्रो0 अम्बरीष एस0 विद्यार्थी, निदेशक, न0प0सी0अ0सं0, पिथौरागढ़ | – | सदस्य सचिव |

सप्तम् बैठक की कार्यसूची में संस्थान एवं TEQIP-III परियोजना से सम्बन्धित उल्लेखित/प्रस्तावित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रशासकीय परिषद् के मा0 सदस्यों द्वारा अपना स्पष्ट अभिमत ईमेल के माध्यम से दिनांक 20/06/2020 तक प्रेषित किया गया, उन्हें संकलित कर सप्तम् बैठक के कार्यवृत्त बिन्दुवार निम्नवत तैयार कर मा0 अध्यक्ष महोदय तथा मा0 उपाध्यक्ष महोदय को उनकी सहमति हेतु प्रस्तुत किये गये–

### 7सी.1 प्रशासकीय परिषद की षष्ठम् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

प्रशासकीय परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा षष्ठम् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु अपनी सहमति प्रदान की।

### 7सी.2 प्रशासकीय परिषद् की षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णय का बिन्दुवार कियान्यवन।

परिषद् की षष्ठम् बैठक में लिये गये निर्णयों के बिन्दुवार कियान्यवन से प्रशासकीय परिषद् के मा0 सदस्य अवगत हुए।

### 7सी.3 शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु अनुबंधित शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अनुबंध का विस्तारण।

शासन स्तर से आतिथि तक संस्थान के बॉय–लॉज प्रख्यापित ना होने के कारण किसी भी पद पर नियमित नियुक्ति की प्रकिया आरम्भ ना होने की दशा में तथा आगामी शैक्षणिक सत्र 2020–21 के पठ्न–पाठन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किये जाने के दृष्टिगत संस्थान में पूर्व में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अनुबंध का विस्तार पूर्व शर्तों के अनुसार छः माह अथवा नियमित नियुक्ति जो भी पहले घटित हो तक पुनः किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद् द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**7सी.4 संस्थान में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को लॉकडाउन की अवधि (दिनांक 21/03/2020 से 03/05/2020 तक) में बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के ही वेतन निर्गत किये जाने हेतु प्रस्तावः**

संस्थान में कार्यरत समस्त कर्मचारियों की माह मार्च–2020, अप्रैल–2020 एवं माह मई–2020 में (दिनांक 21/03/2020 से 03/05/2020 तक) बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के निर्गत किये गये वेतन के प्रकरण पर प्रशासकीय परिषद् द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति हेतु अपनी सहमति प्रदान की।

**7सी.5 संस्थान के विभिन्न शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों जिनके द्वारा लॉकडाउन की अवधि में जिला मुख्यालय (बिना पूर्व सूचना के) छोड़ा गया, के सम्बन्ध में निर्णय लेने हेतु प्रस्तावः**

संस्थान के विभिन्न शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों जिनके द्वारा लॉकडाउन की अवधि में जिला मुख्यालय (बिना पूर्व सूचना के) छोड़ा गया, उन्हें आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही हेतु चेतावनी पत्र जारी किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद् द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**7सी.6 माह मई–2020 में संस्थान में अनुपस्थित एवं होम क्वरंटीन किय गये कर्मचारियों के वेतन निर्गत किये जाने हेतु प्रस्तावः**

प्रस्ताव में स्पष्टता न होने के कारण कुछ मा0 सदस्यों द्वारा इस प्रस्ताव को पुनः सामूहिक निर्णय लिये जाने हेतु आगामी बैठक में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि इस बिन्दु के कियान्यवन में कोई दुविधा अथवा कठिनाई ना हो।

**7सी.7 संस्थान में कार्यरत दैनिक वेतन कर्मचारियों को वर्ष 2014 में उपनल के माध्यम से समायोजित कर त्रुटिवस पदनाम दिये जाने विषयकः**

संस्थान में कार्यरत दैनिक वेतन कर्मचारियों को वर्ष 2014 में उपनल के माध्यम से समायोजित कर त्रुटिवस पदनाम दिये जाने के प्रकरण पर पूर्व की व्यवस्था को एक अथवा दो माह का नोटिस देते हुए समाप्त कर तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2008 यथासंशोधित 2017 में दिये गये प्राविधानानुसार उक्त सन्दर्भित पदों को भरने की कार्यवाही करने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

**7सी.8 संस्थान के निदेशक/शिक्षक व कर्मचारियों हेतु 07वें वेतनमान की संस्तुतियां अंगीकृत किये जाने हेतु प्रस्तावः**

राज्य के विभिन्न तकनीकी शिक्षण संस्थाओं यथा गोविन्द बल्लभ पन्त अभियांत्रकी एवं तकनीकी संस्थान पौड़ी, बिपिन त्रिपाठी कुमायूँ प्रौद्योगिकी संस्थान, द्वाराहाट की भॉति यू0जी0सी0/ए0आई0सी0टी0 अनुमोदित 7वें वेतनमान की संस्तुतियों को संस्थान हेतु अंगीकृत किये जाने तथा एरियर भुगतान किये जाने पर प्रशासकीय परिषद् द्वारा सहमति प्रदान की।

**7सी.9 TEQIP-III परियोजना के अर्न्तगत संस्थान के चतुर्थ वर्ष के छात्र/छात्राओं की ट्विनिंग संस्थान (कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय) में प्रशिक्षण हेतु भेजे जाने विषयक प्रस्तावः**

संस्थान में अध्ययनरत् तृतीय व चतुर्थ वर्ष के छात्र/छात्राओं को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों (कौशल विकास एवं तकनीकी ज्ञान अर्जन इत्यादि) हेतु प्रशिक्षण के लिये भेजे जाने हेतु प्रशासकीय परषिद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रशासकीय परिषद् के मा0 सदस्यों द्वारा इस प्रस्ताव पर कुछ शर्तों के साथ सहमति/असहमति व्यक्त की गयी है। अतः प्रस्ताव को आगामी बैठक में निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जायेगा।

**7सी.10 TEQIP-III परियोजना के अन्तर्गत संस्थान में कार्यरत शिक्षकों को FDP कार्यक्रम में प्रतिभाग करवाये जाने हेतु प्रस्तावः**

संस्थान में कार्यरत शिक्षकों को देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में FDP कार्यक्रम हेतु भेजे जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**7सी.11 <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य बिन्दुः</u>**

22.06.2020

(प्रो0 अम्बरीष एस0 विद्यार्थी)
निदेशक एवं सदस्य सचिव

(श्री ओम प्रकाश, I.A.S)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद्

(श्री अनिल गोयल)
अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद्